# संशोधित अनुमान 2012-2013

वर्ष 2012-13 का संशोधित अनुमान बजट अनुमानों में ₹ 60,100 करोड़ की निवल गिरावट को दर्शाता है आयोजना-भिन्न व्यय में ₹ 31,378 करोड़ की वृद्धि देखी गई है जबकि आयोजना व्यय में ₹ 91,838 करोड़ की गिरावट हुई है अन्तर की विविध प्रमुख मदों को नीचे दर्शाया जा रहा हैः-

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2012-13 | संशोधित 2012-13 | घट-बढ़ बचत(-)/ आधिक्य(+) |
|---|---|---|---|---|
| **आयोजना-भिन्न** | | | | |
| 1. | पेट्रोलियम सब्सिडी | 43580 | 96880 | (+) 53300 |
| 2. | खाद्य सब्सिडी | 75000 | 85000 | (+) 10000 |
| 3. | उर्वरक सब्सिडी | 60974 | 65974 | (+) 5000 |
| 4. | संघ शासित सरकारों को ऋण | 72 | 3398 | (+) 3326 |
| 5. | पुलिस | 35611 | 37131 | (+) 1520 |
| 6. | पेंशन | 63183 | 63836 | (+) 653 |
| 7. | ब्याज भुगतान तथा ऋण चुकाना | 319759 | 316674 | (-) 3085 |
| 8. | राज्य सरकारों को अनुदान | 63352 | 57023 | (-) 6329 |
| 9. | रक्षा सेवा व्यय | 193407 | 178504 | (-) 14903 |
| 10. | पूंजी परिव्यय (रक्षा को छोड़कर) | 23971 | 8102 | (-) 15869 |
| 11. | अन्य आयोजना भिन्न व्यय | 90991 | 89116 | (-) 1875 |
| **जोड़ (आयोजना-भिन्न) व्यय** | | **969900** | **1001638** | **(+) 31738** |
| **आयोजना** | | | | |
| 1 | केन्द्रीय आयोजना | 391027 | 317185 | (-) 73842 |
| 2 | राज्य और संघ शासित क्षेत्रों की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता | 129998 | 112002 | (-) 17996 |
| **जोड़ (आयोजना) व्यय** | | **521025** | **429187** | **(-) 91838** |
| **कुल व्यय (आयोजना + आयोजना-भिन्न)** | | **1490925** | **1430825** | **(-) 60100** |

**आयोजना-भिन्न**

1. वृद्धि मुख्यतः अस्थिर पैट्रोलियम उत्पादों की बिक्री के कारण तेल कम्पनियों को अदा की जाने वाली उच्च प्रतिपूर्ति के कारण रही।

2. वृद्धि मुख्यतः उच्च प्रापण,न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, राज्यों को खाद्यान्नों का बढ़े हुए आवंटन पर राज्यों को अधिक भुगतान करने के कारण रहा। सरकार ने लेखा परीक्षित परिणामों के आधार पर भारतीय खाद्य निगम को देय खाद्य सुरक्षा बकायों को भी क्लियर कर दिया है।

3. वृद्धि मुख्यतः विनियंत्रित उर्वरक, आयतित उर्वरकों तथा स्वदेशी उर्वरक के बढ़े हुए मूल्य के कारण रही।

4. वृद्धि मुख्यतः राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार को डीईएसयू के पिछले बकायों की व्यवस्था करने के कारण रही।

5. वृद्धि मुख्यतः केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को अतिरिक्त वेतन एवं स्थापना सम्बन्धी व्यय के कारण रही।

6. वृद्धि मुख्यतः रक्षा मंत्रालय द्वारा पेंशनों के भुगतान से सम्बन्धित उच्च मांग तथा बीएसएनएल के आमेलित कर्मचारियों को पेंशन लाभ दिए जाने के कारण रही।

7. गिरावट मुख्यतः कैश मैनेजमेंट बिलों पर अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज तथा बाजार स्पष्टीकरण स्कीम के तहत अपेक्षया कम मांगे प्राप्त होने के कारण रही।

8. गिरावट मुख्यतया राज्य सरकारों को जारी किए जाने वाले निर्गमों के लिए अपेक्षया कम मांगे प्राप्त होने के कारण रही।

9. गिरावट मुख्य रूप से रक्षा सेवाओं के पूंजीगत व्यय हेतु कम मांग के कारण रही।

10. गिरावट मुख्यतः अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में निवेश के घटने के कारण रही।

**योजना**

1. समग्र गिरावट मुख्यतः कृषि, परमाणु ऊर्जा, रसायन तथा उर्वरकों, दूरसंचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, पेयजल तथा स्वच्छता, वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गृह मंत्रालय, मानव संसाधन विकास, अल्पसंख्यक कार्य, विद्युत, सड़क परिवहन तथा राजमार्ग, ग्रामीण विकास, अंतरिक्ष, कपड़ा, शहरी विकास तथा महिला एवं बाल विकास में आयोजना आवंटन में आई कमी के कारण रही।

2. समग्र गिरावट सामान्य केन्द्रीय सहायता, त्वरित सिंचाई लाभकारी कार्यक्रम, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष,जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा संघ शासित क्षेत्रों के अंतर्गत कम मांगों के कारण रही।